जोधपुर में राजस्थान प्रीमियर लीग शुरू

चर्चा में क्यों?

27 अगस्त, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर के बरकतुल्ला खाँ स्टेडियम में राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित राजस्थान प्रीमियर लीग (आरपीएल) का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान प्रीमियर लीग की ट्रॉफी का अनावरण किया।
- शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान प्रीमियर लीग खेल के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है। आरपीएल के माध्यम से प्रदेश भर के प्रतिभावान क्रिकेटर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये उपयुक्त मंच मिलेगा।
- मुख्यमंत्री ने आरपीएल के ब्रांड एंबेसेडर और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।
- मैदान में सभी छह टीमों के कप्तानों के साथ गायक रविंद्र उपाध्याय ने आरपीएल के थीम एंथम का गायन किया।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-premier-league-starts-in-jodhpur